# प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यकता

## परियोजना का नामः— जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के विकासखण्ड ताकुला के अन्तर्गत मनान से चन्द्रपुर तक लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 2.00 किमी०)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग कौसानी–सोमेश्वर–अल्मोड़ा के पी०एम०जी०एस०वाई० मनान से बामनीगाड मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु (किमी०–6.500) से प्रारम्भ होकर ग्राम–चन्द्रपुर को जोड़ता है। उक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शा०सं०– 778(A)/ III (2)/18–51 (एम०एल०ए०)/2017, दिनांक 22.02.2018 द्वारा ल० 2.00 किमी० व रू० 6.75 लाख की प्रथम चरण हेतु प्राप्त है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या भी लाभान्वित होगी।

| क०सं० | ग्राम का नाम | लाभान्वित होने वाली जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | चन्द्रपुर | 120 |
| योग | | **120** |

उक्त क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अनाज, सब्जी फल आदि का उत्पादन होता है, परन्तु सड़क न होने से स्थानीय जनता का विपर्णन का कार्य नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा जिला पर्यटन की दृष्टि से भी अग्रणीय है। सड़क बनने से इस क्षेत्र में पर्यटन की भी सम्भावनाऐं हैं। सड़क की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण जनता को यातायात की सुविधा नहीं मिल पा रही है। उत्तराखण्ड शासन द्वारा उक्त ग्रामों को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया है।

उक्त मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई 2.00 किमी० है मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में आरक्षित भूमि 1.62 है०, कुल 1.62 है० वनभूमि तथा नाप भूमि 0.18 है० प्रभावित होती है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। स्थल चयन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है। इस मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर लिया गया हैं जो कि उचित पाया गया। मोटर मार्ग का समरेखन अधीक्षण अभियन्ता से स्वीकृत है। कुल 120 जनसंख्या इस मोटर मार्ग के निर्माण से लाभान्वित होती है। सड़क बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास होगा। रोजगार के अवसर बनेंगे। स्थानीय कृषक अपने उत्पादों को बाजार में ला सकेगें, जिससे उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा तथा उक्त क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी बीमार/अस्वस्थ्य व्यक्तियों को मुख्य मार्ग तक लाने में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, सड़क निर्माण होने से उक्त समस्या का निदान होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबन्धित सुविधाओं का विकास होगा एवं ग्रामवासियों का पलायन भी रूकेगा। इस दृष्टि से उक्त मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यकीय है। इसी उद्देश्य से वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रस्तुत किये गये हैं।

| | | |
|---|---|---|
| (नीरज कुमार)<br>कनिष्ठ अभियन्ता,<br>निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,<br>अल्मोड़ा | (जे०सी०पाण्डे)<br>सहायक अभियन्ता,<br>निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,<br>अल्मोड़ा | (आशुतोष कुमार)<br>अधिशासी अभियन्ता,<br>निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,<br>अल्मोड़ा |